पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने 'रक्तदान एवं एड्स जागरूकता रैली' का शुभारम्भ किया

———————

दूसरों के जीवन की रक्षा हेतु करें रक्तदान एवं अंगदान –आनंदीबेन पटेल

———————

चिकित्सालय के सभी विभाग रोगियों के उपचार हेतु एक–दूसरे का सहयोग करें – राज्यपाल

———————

बीमारी में इलाज से ज्यादा महत्व बचाव का है – सुरेश खन्ना

———————

लखनऊः 1 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित 'रक्तदान एवं एड्स जागरूकता रैली' को झण्डी दिखाकर आज राजभवन से शुभारम्भ किया। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान पर विश्वविद्यालय द्वारा बहुत ही प्रभावी तथा सारगर्भित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

राज्यपाल जी ने प्रस्तुत किये गये नुक्कड़ नाटक के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागृति आती है तथा लोगों को रक्तदान, अंगदान तथा समाजसेवा के लिए प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में हमारे युवा बहुत ही जागरूक हो गये हैं तथा हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। जिस देश के युवा इतने सजग और कर्तव्यनिष्ठ हैं, वह सशक्त तथा समृद्ध देश के रूप में विकास के रास्ते पर सदैव आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी रोग से समाज को मुक्ति दिलाने के लिए यह जरूरी है कि समय रहते बीमारी से संबंधित जांच करवाकर उचित दिशा में इलाज की शुरूआत की जाये। इसके लिए जरूरी है कि चिकित्सालय के सभी विभाग रोगियों के उपचार हेतु एक दूसरे का सहयोग करें, तभी सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। सहयोग, काउंसलिंग, जांच के साथ ही बीमार व्यक्ति के साथ खड़े होकर उसे यह आश्वासन देना और एहसास दिलाना कि अपनी बीमारी के समय में वह अकेला नहीं है, यह सर्वाधिक जरूरी तथा मानवीय इलाज है।

राज्यपाल जी ने युवाओं से किसी भी प्रकार का नशा न करने की अपील करते हुए कहा कि उनको इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्हें किसी भी ऐसे पदार्थ का सेवन नहीं करना

चाहिए, जिससे उनके या उनके परिवार के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष लाखों लोंगो की मृत्यु एड्स और अनेक प्रकार के संक्रामक रोगों से हो जाती है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दिशा में एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। राज्यपाल जी ने कहा कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के ए0आर0टी0 सेंटर, ब्लड बैंक, आई0टी0पी0सी0 सेंटर, एस0टी0आई0 सेंटर एवं मानसिक रोग विभाग द्वारा 'End Inquality, End AIDS, End Pandemic' की सोच के साथ एड्स संक्रमण के इलाज एवं रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी ने कहा कि किसी भी बीमारी से समाज को बचाने के लिए उससे बचाव का महत्व इलाज से ज्यादा है। एड्स जैसी भयावह बीमारी के संक्रमण को जागरूकता के माध्यम से ही कम करने पर हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अपने परिवार से मिले संस्कारों का हमें पालन करना चाहिए और उसी के अनुरूप व्यवहार भी करना चाहिए।

के0जी0एम0यू0, लखनऊ के कुलपति डॉ0 बिपिन पुरी ने राज्यपाल जी तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों को समृति चिन्ह् के रूप में पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर के0जी0एम0यू0, लखनऊ के प्रयासों से एड्स संक्रमण से बचाये गये बच्चों को राज्यपाल जी ने उपहार दिया। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुलिस कमिश्नर लखनऊ श्री डी0के0 ठाकुर, श्री सचिन त्रिपाठी एवं श्री विवेक सक्सेना को राज्यपाल जी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री जी0एस0 प्रियदर्शी, के0जी0एम0यू0 के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो0 तुलिका चन्द्रा सहित अन्य चिकित्सक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संगीता चौधरी/राजभवन (91/17)
सम्पर्क सूत्र
9696185689

विशिष्ट अतिथि
श्री सुरेश खन्ना
मा0 राज्यपाल, उ0प्र0।
दिनांक एवं समय: 01 दिसम्बर 2021, प्रात: 07:30
कार्यक्रम - स्थल : राजभवन, उ0प्र0, लखनऊ।

रक्तदान!
बचाये जान!!
सौजन्यः- किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ
“रक्तदान एवं एड्स जागरुकता रैली”
श्रीमती आनंदीबेन पटेल